10770/10-09-2020

**डिजिटाईज्ड राजस्व मानचित्रों के Door Step Delivery के संबंध में विचार–विमर्श हेतु निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, निदेशालय की अध्यक्षता में दिनांक 07.09.2020 को आयोजित बैठक की कार्यवाही।**

---

आज दिनांक 07.09.2020 को डिजिटाईज्ड राजस्व मानचित्रों के Door Step Delivery के विषय पर NIC, Bank (SBI) एवं डाक विभाग GPO, Patna के प्रतिनिधियों के साथ विस्तारपूर्वक विचार विमर्श किया गया, जिसमें मुख्य रूप से निम्नांकित बिन्दुओं पर विमर्श किया गया :–

1 SBI Bank के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि Mode of payment में Internet Banking, UPI एवं Rupay Card द्वारा भुगतान पर किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क क्रेता एवं बिक्रेता को वहन नहीं करना पड़ता है, किन्तु इसके अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम यथा केडिट कार्ड, डेविट कार्ड भुगतान प्राप्त करने पर प्रति Transaction 54 रुपया + GST का भुगतान बिक्रेता (विभाग/कार्यालय) को करना पड़ेगा।

उक्त विषय पर सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि तत्काल इस सुविधा की शुरुआत Rupay Card, Internet Banking, UPI के द्वारा किया जाय तथा अन्य सुविधा को तत्काल Disable कर स्थगित रखा जाय।

2. Software से संबंधित मामलो पर NIC के प्रतिनिधि से वार्ता हुई। वार्ता के क्रम में निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप द्वारा निदेश दिया गया की निर्माण होने वाले Software में Online Payment Getway एवं Postal Services को Integrate करने की आवश्यकता होगी ताकि क्रेता को आपूर्ति से संबंधित जानकारी प्राप्त करने में सुविधा हो।

3. सभी के Transaction के लिए क्रेता को एक ID Generate कर उपलब्ध कराया जाय, परन्तु उक्त के संबंध में तीनों प्रतिनिधियों द्वारा बता गया की इस कार्य में प्रत्येक कार्य के लिए अलग–अलग ID Generate का होगा। उक्त के संदर्भ में अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह विचार व्यक्त किया गया की तीन अलग–अलग आई0डी0 रहने पर क्रेता को अत्याधिक परेशानी होगी। डाक विभाग के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया की इस प्रकार की सुविधा परिवहन विभाग में भी उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसमें दो आई0डी0 Generate हो रहा है, जिससे उक्त सुविधाओं की ट्रैकिंग असानी से हो पा रहा है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह सुझाव दिया गया की जो आई0डी0 डाक विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा उसी आई0डी0 पर एन0आई0सी0 के सॉफ्टवेयर का ऑर्डर आई0डी0 रहने से एक आई0डी0 बनाई जा सकती है। इस पर विचार कर लें।

4. पोस्टल विभाग के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया की आपूर्ति की जानेवाली सामग्री के लिए वारकोड उपलब्ध करायी जाएगी। उक्त वार कोड को आपूर्ति किए जाने वाले कन्टेनर पर चिपकाते हुए एक सूची Excel Sheet में तैयार किया जाएगा, जिसे डाक विभाग को ई–मेल के माध्यम से उपलब्ध करा दिया जाएगा।

5. बैठक में आए हुए बैंक के प्रतिनिधि को अधोहस्ताक्षरी द्वारा अनुरोध किया गया की Payment Getwey, MoU का प्रारूप एवं Account से संबंधित कार्य प्रणाली का Flow Chart तैयार कर शीघ्र उपलब्ध कराया जाय ताकि उक्त Flow Chart के अनुसार एन0आई0सी0 के सॉफ्टवेयर में आवश्यक सुधार कराया जा सके। साथ ही पोस्टल डिपार्टमेंट के प्रतिनिधि से अनुरोध किया गया कि परिवहन विभाग में हुए एकरारनामा की प्रति उपलब्ध करायी जाय ताकि निदेशालय द्वारा भी मानचित्र के Door Step Delivery से संबंधित कार्य को सम्पन्न कराया जा सके।

6. उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग को निदेश दिया गया की आपूर्ति किए जाने वाले मानचित्र को पैक करने के लिए उपयुक्त कन्टेनर (डब्बा) तैयार करने वाले एजेंसियों से सम्पर्क कर नमुना प्राप्त किया जाय।

7. उपरोक्त सभी विभाग के प्रतिनिधियों को यह कहा गया की किसी भी स्थिति में सितम्बर माह के अन्त तक Door Step Delivery of Maps के लिए आवश्यक सॉफ्टवेयर payment Getway एवं Delivery सिस्टम से संबंधित कार्यों का निष्पादन कर लिया जाय ताकि उक्त कार्यों का Demonstration ससमय पूरा किया जा सके।

8. सभी प्रतिनिधिओं को अपने–अपने कार्य से संबंधित विषय का Flow Chart तैयार कर दिनांक 15.09.2020 को पुनः बैठक में भाग लेने का निदेश दिया गया।

(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांक** : 17– प्लॉटर अधिष्ठापन– 275/2017/10770 **पटना, दिनांक** : 10-09-2020

**प्रतिलिपि** :– उप–निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना/सहायक निदेशक/प्रशाखा पदाधिकारी/संबंधित सहायक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांक** : 17– प्लॉटर अधिष्ठापन– 275/2017/10770 **पटना, दिनांक** : 10-09-2020

**प्रतिलिपि** :– Sri Sadhan Kumar Singh, Assistant General Manager, S.B.I. Bailey Road Branch Patna (E-Mail – sbi.06379@sbi.co.in)/Sri Satya Ranjan, Assistant Director, Postal Department, G.P.O. Patna (E-Mail – adbdpatna@gmail.com)/Sri Sanjay Kumar, Technical Director NIC, Patna/Sri Somesh, Sr. Technical Director, NIC, Patna/Prakash Kumar Singh, Deputy Manager, S.B.I. Bailey Road, Patna को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।